दिन– सोमवार दिनांक– 29 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना साइंस कॉलेज परिसर में यूनिवर्सिटी ऑफ फिजिक्स एंड साइंसेज की स्थापना की घोषणा की।

02. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा आज तीन साल तक के बच्चों के लिए समग्र शिशु बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।

03. बिहार पुलिस में रेडियो सिपाही–ऑपरेटर भर्ती परीक्षा में कदाचार के आरोप में बारह अभ्यर्थी गिरफ्तार।

04. और, मौसम विभाग ने आज भागलपुर, कटिहार और किशनगंज में भारी बारिश की चेतावनी जारी की। वहीं, भभुआ, बक्सर और रोहतास में लू का अलर्ट।

**अब समाचार विस्तार से.........**

————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना साइंस कॉलेज परिसर में यूनिवर्सिटी ऑफ फिजिक्स एंड साइंसेज स्थापित करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए अधिकारियों को समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। कॉलेज के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय उच्चस्तरीय शिक्षा, अत्याधुनिक शोध और नवाचार का प्रमुख केंद्र बनेगा। श्री चौधरी ने आधुनिक प्रयोगशालाओं, अनुसंधान केंद्रों, छात्रावास और खेल सुविधाओं के विकास पर जोर देते हुए कहा कि इस पहल से पटना साइंस कॉलेज का गौरव पुनर्स्थापित होगा और बिहार को विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी।

————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन में इस वर्ष के दूसरे रक्षा अलंकरण समारोह में वीरता पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस अवसर पर राष्ट्रपति सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्य तथा केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस कर्मियों को वीरता अलंकरण प्रदान करेंगी। ये अलंकरण असाधारण बहादुरी का प्रदर्शन करने वाले सैनिकों को दिये जाते हैं। इससे पहले, राष्ट्रपति ने इसी महीने की आठ तारीख को राष्ट्रपति भवन में रक्षा अलंकरण समारोह के पहले चरण में वीरता पुरस्कार प्रदान किए थे।

———————————————————————

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज नई दिल्ली में समग्र शिशु बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। यह कार्यक्रम केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण परिषद के सोलहवें सम्मेलन में शुरू किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, यह योजना "पहले तीन साल, संपूर्ण देखभाल" की सोच पर आधारित है। इसका उद्देश्य जन्म से तीन साल तक के बच्चों को घर के पास बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देना है। इस योजना के तहत नवजात और छोटे बच्चों की घर–घर जाकर देखभाल की मौजूदा योजनाओं को एक साथ जोड़ा जाएगा। इस कार्यक्रम में बच्चों के शुरुआती विकास, माताओं के मानसिक स्वास्थ्य की जांच और डिजिटल माध्यम से निगरानी की भी व्यवस्था होगी। यह योजना शहरों की झुग्गी–बस्तियों, प्रवासी और वंचित समुदायों के बच्चों तक भी स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में मदद करेगी।

———————————————————————

महिला हिंसा से जुड़े मामलों के त्वरित और संवेदनशील निपटारे के लिए राज्य के सभी अनुमंडल थानों में विशेष महिला कोषांग की स्थापना की जाएगी। इन कोषांगों के माध्यम से महिला उत्पीड़न और हिंसा से जुड़े मामलों की प्रभावी निगरानी, त्वरित कार्रवाई तथा पीड़िताओं को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। महिला एवं बाल विकास निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन कोषांगों के लिए महिला काउंसलरों की नियुक्ति प्रक्रिया जारी है।

———————————————————————

राज्य के एक लाख चौदह हजार सात सौ अठारह आंगनबाड़ी केंद्रों की गतिविधियों की अब पोषण ट्रैकर के माध्यम से रीयल–टाइम निगरानी की जाएगी। इसके लिए समाज कल्याण विभाग मुख्यालय स्तर पर पोषण ट्रैकर कमांड सेंटर स्थापित करेगा। कमांड सेंटर के जरिए छह वर्ष तक के बच्चों की पोषण स्थिति, वजन, ऊंचाई और समग्र विकास से जुड़ी जानकारी की सतत निगरानी की जाएगी। ये आंकड़े सार्वजनिक डैशबोर्ड पर भी उपलब्ध होंगे, जिन्हें आम नागरिक देख सकेंगे।

———————————————————————

बिहार पुलिस, रेडियो में सिपाही–ऑपरेटर के नौ सौ तिरानवे पदों के लिए आयोजित परीक्षा के दौरान कदाचार और गड़बड़ी के आरोप में बारह अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया है। केंद्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती से प्राप्त जानकारी के अनुसार

कदाचार के मामलों में कुल सत्रह प्राथमिकी दर्ज की गयी। सहरसा में पुलिस ने सॉल्वर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से अभ्यर्थियों के प्रमाण–पत्र, उत्तर पुस्तिकाएं, ब्लैंक चेकबुक और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पूछताछ के आधार पर किशनगंज, गया, भागलपुर और खगड़िया समेत कई जिलों में छापेमारी की गई। वहीं, दरभंगा के लहेरियासराय स्थित परीक्षा केंद्र पर ब्लूटूथ के जरिए नकल करने के आरोप में एक महिला अभ्यर्थी और उसके भाई समेत सात लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

———————————————————————

नेशनल करियर सर्विस पोर्टल पर पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या के मामले में बिहार देशभर में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। राज्य के चौवन लाख चौदह हजार से अधिक बेरोजगारों ने पोर्टल पर पंजीकरण कराया है, जिनमें लगभग छब्बीस लाख सड़सठ हजार सक्रिय रूप से रोजगार की तलाश कर रहे हैं। पंजीकृत युवाओं में पच्चीस से चौंतीस वर्ष आयु वर्ग की संख्या सबसे अधिक है। रोजगार की तलाश करने वालों में स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी डिग्रीधारी भी शामिल हैं।

———————————————————————

भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि सरकारी पेंशनभोगियों को अतिरिक्त भुगतान की राशि अब बिना पूर्व सूचना के पेंशन खाते से नहीं काटी जा सकेगी। आरबीआई ने इस संबंध में सभी बैंकों को दिशा निर्देश जारी किये हैं। इसमें कहा गया है कि बैंक को रिकवरी से पहले नोटिस जारी कर अतिरिक्त भुगतान का कारण, पूरी गणना और वसूली की प्रक्रिया की जानकारी देना अनिवार्य होगा। नए निर्देशों के तहत पेंशनभोगियों को आपत्ति दर्ज कराने का अवसर भी मिलेगा।

———————————————————————

प्रदेश में मौसम के अलग–अलग मिजाज देखने को मिल रहे हैं। राज्य के उत्तरी हिस्से में जहां बारिश हो रही है। वहीं, दूसरी ओर दक्षिणी हिस्सा भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। कल राज्य के सोलह जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई है। वहीं, पिछले चौबीस घंटों के दौरान चालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ भभुआ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान उनतालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने आज राज्य के कई हिस्सों में आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

भागलपुर, कटिहार और किशनगंज में भारी बारिश का अलर्ट है। वहीं, भभुआ, बक्सर और रोहतास में लू की चेतावनी जारी की गई है।

––साउंड बाइट––

————————————————————————

पूर्व मंत्री हरि सहनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर दिल्ली उच्च न्यायालय में जगदीश चंद्र की उप महाधिवक्ता के रूप में नियुक्ति पर बधाई दी है। उन्होंने इस नियुक्ति को सामाजिक न्याय और समान अवसर की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है। अपने पत्र में श्री सहनी ने कहा कि यह निर्णय वंचित वर्ग के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है और केंद्र सरकार की समावेशी सोच को दर्शाता है।

————————————————————————

पर्यटन विभाग की ओर से पटना के मनेर शरीफ दरगाह में सूफी महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय विधायक भाई वीरेंद्र ने किया। इस अवसर पर जाने–माने पार्श्व गायक सलमान अली ने सूफी संगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी।

————————————————————————

बेगूसराय जिले के सिंघौल थाना क्षेत्र के अंग्रेजी ढाला के पास दो चार पहिया वाहन के बीच हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। सभी मृतक पोखरिया गांव के रहने वाले थे और गंगा स्नान के लिए सिमरिया जा रहे थे। हादसे में घायल लोगों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर थाना क्षेत्र के जोलहा टोली में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। मामले को शांत कराने पहुंची पुलिस टीम पर आक्रोशित लोगों ने पथराव कर दिया। इस घटना में होमगार्ड के दो जवान घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने छह आरोपितों को हिरासत में लिया है। क्षेत्र में एहतियातन पुलिस बल की तैनाती की गई है और ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है।

————————————————————————

सीवान जिले के दरौली थाना क्षेत्र में बालू लदे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक दुकानदार की मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया और पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में एक एएसआई और एक सिपाही घायल हो गए।

———————————————————————————

सीवान में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और भ्रामक टिप्पणी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

———————————————————————————

दरभंगा जिले के घनश्यामपुर थाना क्षेत्र में पोखर में डूबने से एक किशोरी की मौत हो गई। किशोरी को बचाने के प्रयास में उसकी मां भी घायल हो गईं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

———————————————————————————

सारण जिले के मकेर थाना क्षेत्र में एक किराना दुकान में हुए विस्फोट और आग लगने की घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य झुलस गया। घटना के कारणों का पता लगाने के लिए एफएसएल टीम के साथ पुलिस जांच में जुटी है।

———————————————————————————

गोपालगंज के कुचायकोट थाना क्षेत्र में शराब लदी तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की चपेट में आने से दरवाजे पर बैठी एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने वाहन को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

———————————————————————————

नवादा जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र के रोहुआ गांव में एक युवक के साथ मारपीट कर उसकी एक आंख फोड़ देने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

जमुई जिले के कुदरा थानाध्यक्ष नंदु कुमार को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने बताया कि निलंबित पुलिसकर्मी पर जब्त ट्रकों से बालू उतरवाने और एक पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार का आरोप है।

———————————————————————————

पटना के पुनपुन थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरी पुल के पास से पुलिस ने एक मिनी ट्रक से दस लाख रुपये मूल्य की शराब बरामद की है। मौके से चालक को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————

अररिया जिले के जोगबनी थाना क्षेत्र अंतर्गत भारत—नेपाल सीमा के पास से एसएसबी और पुलिस की टीम ने एक ऑटो रिक्शा से सत्तासी किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को सुर्खी बनाते हुए लिखा है — नालंदा विश्वविद्यालय समृद्ध बौद्धिक विरासत का प्रतीक।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है — साइंस कॉलेज में भौतिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय खुलेगा। मुख्यमंत्री ने पटना साइंस कॉलेज के निरीक्षण के दौरान एलान किया।

प्रभात खबर ने पंचायत विकास दिवस की खबर को प्रमुखता देते हुए लिखा है — हर माह के अंतिम रविवार को साथ बैठेंगे पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण, सुलझेंगी समस्याएं।

दैनिक भास्कर ने लिखा है — सूखा मानसून— समय से पहले आया, पर अब तक पचास प्रतिशत कम बरसा पानी। छह जिलों में हुई सामान्य या उससे अधिक बारिश।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं — महाराष्ट्र टीईटी पेपर लीक मामले का मास्टर माइंड समस्तीपुर से गिरफ्तार।

आज अखबार की सुर्खी है — भारतीय क्रिकेट का काला रविवार, आयरलैंड के खिलाफ भारत ने पहली बार सीरीज गंवाई। विश्व चैंपियन भारत, विमेन्स टी—ट्वेंटी वर्ल्ड कप से बाहर।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना साइंस कॉलेज परिसर में यूनिवर्सिटी ऑफ फिजिक्स एंड साइंसेज की स्थापना की घोषणा की।

02. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा आज तीन साल तक के बच्चों के लिए समग्र शिशु बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।

03. बिहार पुलिस में रेडियो सिपाही–ऑपरेटर भर्ती परीक्षा में कदाचार के आरोप में बारह अभ्यर्थी गिरफ्तार।

04. और, मौसम विभाग ने आज भागलपुर, कटिहार और किशनगंज में भारी बारिश की चेतावनी जारी की। वहीं, भभुआ, बक्सर और रोहतास में लू का अलर्ट।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।